निदेशालय: उ0प्र0 कौशल विकास मिशन
परिसर: राजकीय आई0टी0आई0, अलीगंज,
संख्या: /UPSDM/2023-24/IT-MIS/Biometric/252-TC.
दिनांक: 14 जुलाई, 2023

कार्यालय-ज्ञाप

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन से आबद्ध प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों तथा माध्यमिक विद्यालयों में "प्रोजेक्ट प्रवीण" योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं।

उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संचालन से सम्बन्धित प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा अवगत कराया गया है कि उक्त विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश के कारण "प्रोजेक्ट प्रवीण" योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण नहीं हो पाये हैं तथा मूल्यांकन हेतु वांछित न्यूनतम 70 प्रतिशत उपस्थिति भी पूर्ण नहीं हो सकी है, जिसके कारण वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु उन्हे आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष प्रशिक्षण से सम्बन्धित कतिपय कार्य अवशेष रह गये हैं। इस परिस्थिति के क्रम में "प्रोजेक्ट प्रवीण" योजना से सम्बन्धित प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा प्रशिक्षण को पूर्ण करने के लिये अतिरिक्त समय प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय तथा माध्यमिक विद्यालयों में "प्रोजेक्ट प्रवीण" योजना के अन्तर्गत आबद्ध प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा किये गये अनुरोध पर सम्यक विचारोपरान्त निर्णय लिया गया है वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु प्रशिक्षण प्रदाताओं को आवंटित लक्ष्य के अन्तर्गत अवशेष रहे गये प्रशिक्षण सम्बन्धी कार्यों को पूर्ण करने के लिये दिनांक: 30 सितम्बर, 2023 तक का अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है।

उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।

(आन्द्रा वामसी)
आई0ए0एस0
मिशन निदेशक

पत्रांक- 1413/UPSDM/2023-24/IT-MIS/Biometric/252-TC, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1 महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उ0प्र0, लखनऊ।
2 वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एन0आई0सी0, लोक भवन, लखनऊ को इस आशय से कि "प्रोजेक्ट प्रवीण एवं कस्तूरबा" से सम्बन्धित पोर्टल पर यथाआवश्यक वांछित प्राविधान कराने का कष्ट करें।
3 समस्त प्रकोष्ठ, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, लखनऊ।
4 जिला समन्वयक एवं एम0आई0एस0 मैनेजर डी0पी0एम0यू0, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, समस्त जनपद, उ0प्र0।
5 समस्त आबद्ध प्रशिक्षण प्रदाता, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन।
6 सम्बन्धित स्कूलों के प्रधानाचार्य, उ0प्र0 (द्वारा डी0सी0/प्रशिक्षण प्रदाता)।
7 गार्ड फाइल, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, लखनऊ।

(आन्द्रा वामसी)
आई0ए0एस0
मिशन निदेशक